52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.7°c | अधिकतम 35.6°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:28 सूर्यास्त : 7:21 | वर्ष : 52/ अंक : 192 | शुक्रवार, 12 जुलाई 2024 | आषाढ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

संसार जरूरत के नियम पर चलता है, सर्दियों में जिस सूरज का इंतजार होता है, उसी का गर्मियों में तिरस्कार होता है।

मोदी को मणिपुर जाकर लोगों से शान्ति की अपील करनी चाहिए : राहुल गांधी

आप दोनों को साथ-साथ.... कोलकाता भी जाना चाहिए...मणिपुर भी.....

बिजली को लेकर फूटा गुस्सा, मंडी में जमकर हंगामा

तीसरे दिन भी बिन बिजली बिलबिलाए लोगों ने की नारेबाजी ▸ ट्रांसफार्मर बदलने के लिए दिन में गायब रही पूरे इलाके की बिजली

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। मुजफ्फरनगर से लेकर लखनऊ तक हड़कंप के बावजूद शहर के नई मंडी के इलाकों की बिजली आपूर्ति पूरा दिन लड़खड़ाए रहने से हा-हाकार मचा रहा। पूत की जात को सौ जोख्खो के हालात उस समय पैदा हुए जब दूसरे दस एमवीए के ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग पूरा होने के बाद 33 केवी की लाइन में फाल्ट आने से शाम को आपूर्ति बहाल करने के अधिकारियों के इरादों पर पानी फिर गया। ऐसे में आज भी इस इलाके में भीषण उमस में लोग बिलबिलाते रहे। कहीं जेनरेटर से काम चलाया गया तो कहीं पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ा और दूर जाकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ी। देर रात लोगों का गुस्सा फट पड़ा और सैंकड़ों की तादाद में लोग बिजली घर पहुंचे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने नई मण्डी क्षेत्र में जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। देर रात मंडी क्षेत्र ज्यादातर हिस्सों में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से कर दी गयी।

बिजली विभाग के निकम्मेपन की सजा नई मंडी क्षेत्र के साथ अन्य इलाकों के लोग आज भी भुगतते रहे। तीसरे दिन भी आपूर्ति बहाल ना होने पर देर रात बड़ी तादाद में लोग बिजली घर पर पहुंचे। सैंकड़ों की तादाद में लोग सड़कों पर निकल पड़े और उनका गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा। लोगों ने वहां जमकर नारेबाजी करते हुए बिजली अधिकारियों को कोसा। उनका कहना था कि इस सरकार में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लखनऊ के मंत्री भी फेल हैं और गाल बजाई के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि आज भी आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। बिजली को लेकन बिगड़े हालात के बीच प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल की ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से वार्ता के बाद गत दिवस दस एमवीए का एक ट्रांसफार्मर मिलने के बाद इसे चालू कर दिया गया था। इसके बावजूद आपूर्ति इसलिए नहीं बहाल हो सकी क्योंकि दस एमवीए का दूसरा ट्रांसफार्मर भी खराब था। लखनऊ के आदेश पर दूसरा ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया और बारी बारी से कटौती कर इलाके में बिजली दी तो गई, लेकिन यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान रही। समर्थ लोगों ने जेनरेटर किराए पर लेकर काम चलाया तो बाकी आम जनता के लिए आज भी हालात भयावह बने रहे। ऐसे में पानी तक के लिए लोग तरसे ओर उमस भरी गर्मी में बिजली विभाग की व्यवस्था को कोसते रहे। दूसरा ट्रांसफार्मर आज सुबह यहां पहुंचा तो इसे इंस्टाल करने के लिए आपूर्ति फिर बंद कर दी गई।

विभाग की ओर से सूचना जारी की गई कि 12:30 बजे से 1:30 तक पुराना पावर ट्रांसफार्मर निकालने हेतु विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके बाद उम्मीद जताई गई थी कि शाम तक दूसरा ट्रांसफार्मर भी चालू कर दिया जाएगा और शाम तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। शाम के समय बताया गया कि मंडी समिति बिजली घर पर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर दिया गया है उनकी टेस्टिंग का कार्य भी पूर्ण हो चुका है । इसे चालू किया गया तो फिर स्थिति गड़बड़ा गई। 33 केवीए लाइन में ब्रेकडाउन आ गया। इसके लिए विभाग द्वारा दो टीमों को गठित किया गया। बताया गया कि पूरा विभाग विद्युत आपूर्ति को चालू करने में लगा हुआ है। रात में 12:00 बजे तक सप्लाई नॉर्मल होने की पूर्ण संभावना है। हालांकि इसे लेकर भी समय की सीमा को लेकर अधिकारियों के साथ लोग भी असमंजस में बने रहे। बिजली ना आने से बिलबिलाए लोग बिजली घर पर जमे रहे और सड़कों पर हवा की तलाश करते दिखाई दिए, क्योंकि थोड़ी बहुत आपूर्ति मिलने से जो इन्वर्टर चार्ज हुए थे, वे दिन में बिजली ना मिलने से फिर ठप्प हो गए। देर रात तक लोग उमस भरी गर्मी में बिलबिलाते रहे। बच्चों और बीमार लोगों का हाल बेहद खराब था। देर रात मंडी क्षेत्र के अधिकतर हिस्सों में आपूर्ति बहाल कर दी गयी।

लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। नगर के नई मंडी इलाके की बिजली आपूर्ति को लेकर मचे बवाल के बीच राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल भी जनता के निशाने पर रहे। तीसरे दिन भी फोन घनघनाते रहे। इसके बाद मंत्री कपिलदेव ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा तथा प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर से वार्ता की। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से भी वार्ता कर आपूर्ति जल्द बहाल करने को कहा। नगर में बिजली की आपूर्ति को लेकर तीन दिन से मचे हाहाकार के बीच आज भी आपूर्ति गड़बड़ाए रहने से जहां लोग बेहाल रहे, वहीं मंत्री कपिलदेव की नींद भी लोग हराम करते रहे। दनादन फोन पर लोग मंत्री से ही पूछते रहे कि बिजली कब आएगी। ऐसे में कपिलदेव अग्रवाल ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा तथा ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर को भी स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने जिले के आला अधिकारियों से भी वार्ता की, लेकिन अधिकारी उन्हें शाम तक आपूर्ति बहाल होने का भरोसा दिलाते रहे। शाम को भी आपूर्ति बाधित रहने के बाद लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा।

मंत्री कपिलदेव ने ऊर्जा मंत्री व राज्यमंत्री से की वार्ता

: नीट यूजी 2024 :

सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा दोबारा कराने की याचिका पर सुनवाई 18 जुलाई के लिए टाली

नई दिल्ली, 11 जुलाई (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने बड़े पैमाने पर कथित कदाचार और अन्य अनियमितताओं के कारण मेडिकल में स्नातक स्तर की पढ़ाई के दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता का प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 रद्द कर उसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिकाओं पर अपनी सुनवाई गुरुवार को 18 जुलाई के लिए टाल दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर करते हुए कहा कि उसके (पीठ) के अलावा कुछ अन्य याचिकाकर्ताओं ने अभी तक केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा बुधवार को दायर हलफनामे पर गौर नहीं किया है। इसलिए इस मामले को 18 जुलाई के लिए स्थगित की जाती है।

रामपुर में आचार संहिता के उल्लघंन के मामले में जयाप्रदा बरी

रामपुर 11 जुलाई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में रामपुर की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को आचार संहिता के एक मामले में सिने अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा को बरी कर दिया है। जया प्रदा के खिलाफ एमपी एमएलए कोर्ट आचार संहिता उल्लंघन का मामला चल रहा था। आज इस मामले में जया प्रदा को बइज्जत बरी कर दिया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह कोर्ट का बेहद सम्मान करती हैं। कोर्ट के फैसले से वह काफी भावुक, बेहद खुश हैं और इस पल को कभी नहीं भूलेंगी। रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा नाहटा आज आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में हाजिर हुईं। आचार संहिता उल्लघंन के वाद संख्या 251/22 एनसीआर नंबर-37/19 धारा 171जी थाना केमरी पर दर्ज मुकदमे में आज एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही थी।

बरेली एसटीएफ नई मण्डी इलाके से एक शातिर, चोरी के दो टैंकरों सहित गिरफ्तार

दो आरोपी फरार, चोरी के वाहनों के चेसिस-इंजन नम्बर बदलकर बेच देता था गैंग

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। बरेली की स्पेशल टास्क फोर्स ने नई मंडी पुलिस की मदद से चोरी के टैंकरों के चेसिस व इंजन नम्बर बदलकर बेचने वाले गिरोह के सरगना मलकीत सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी के दो टैंकर और फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। उसके दो साथी फरार बताये गये हैं।

एसटीएफ बरेली काफी दिनों से चोरी के वाहनों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेचने वाले गैंग को पकड़ने के लिए काम कर रही थी। पूरी जानकारी जुटाने के बाद बरेली की एसटीएफ के उप निरीक्षक राशिद अली के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर पहुंची और नई मंडी इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा को विश्वास में लिया। एसटीएफ और नई मंडी पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरूवार दोपहर बाद टीपी नगर इलाके से मलकीत सिंह निवासी जलीलपुर थाना चांदपुर बिजनौर को गिरफ्तार किया। इसके पास से चोरी के दो टैंकर और फर्जी दस्तावेज बरामद किये हैं। इंस्पेक्टर मंडी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि आरोपी मलकीत सिंह ने पूछताछ में बताया कि बरामद हुए दोनों टैंकर चोरी के हैं। ये वाहन उसके साथी अरविन्द उर्फ पप्पू निवासी शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद और आमिर निवासी खैरनगर मेरठ ने अलग-अलग स्थानों से चोरी किये थे। इन वाहनों के असली चेसिस व इंजन नम्बर ग्राइन्डर से घिसकर दूसरे कूटरचित नम्बर अंकित कर दिये थे। इन दोनों टैंकरों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर गैंग उन्हें बेचने की फिराक में था। इससे पहले ही एसटीएफ और पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वो अब तक आधा दर्जन से अधिक चोरी के ट्रकों और टैंकरों को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच चुके हैं। मलकीत सिंह के फरार साथियों की तलाश में पुलिस की कार्यवाही चल रही है, जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जायेगा।

गैस सिलेंडर में लगी भयंकर आग, लाखों का सामान खाक

शाहपुर, 11 जुलाई (बु.)। क्षेत्र के गांव काकड़ा में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। क्षेत्र के गांव काकड़ा मेन रोड पर पानी की टंकी के सामने मोनू गोयल का आवास है। बृहस्पतिवार को परिवार में हवन आयोजित होने के बाद परिवार की महिलाएं ऊपरी हिस्से में खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। महिलाओं ने शोर मचाया। इसके बाद परिवार के सदस्य सीढ़ी लगाकर नीचे उतरे। परिवार का शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास करने के साथ पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को घटना से अवगत कराया। इसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाने के साथ सिलेंडर को नीचे उतारा। आग लगने से घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया।

पति की तीसरी शादी रुकवाने पहुंची पत्नी ने काटा जमकर हंगामा

भोपा, 11 जुलाई (बु.)। तीसरी शादी करने का आरोप पति पर लगाते हुए पत्नी ने ऐन वक़्त पर बखेड़ा खड़ा कर दिया। मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनो पक्षों से जानकारी की। महिला के संग आये मायका पक्ष ने आरोपी पति पर पत्नी के साथ उत्पीड़न करने के गम्भीर आरोप लगाते हुए पुलिस से शादी को रुकवाने व अवैध शादी करने व करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में करहेड़ा मार्ग पर गुरूवार की दोपहर बारात आई हुई थी कि एक महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया। महिला उमा देवी ने बताया कि उसका पति चोरी छिपे शादी करने के लिये बारात लेकर मोरना आया है। अवैध रूप से हो रही शादी को होने नहीं देगी। महिला के द्वारा हंगामा करते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला उमा देवी से घटना की जानकारी की। वहीं उमा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका मायका खतौली थाना क्षेत्र के गांव कढली में है। उसकी शादी मिल मन्सूरपुर निवासी व्यक्ति से 2021 में हुई थी। शादी के बाद उसे पता चला कि पति की यह दूसरी शादी है। कुछ दिनों से वह मायका गयी हुई थी। गुरूवार को उसे सूचना मिली कि पति तीसरी शादी रचाने बारात लेकर मोरना पहुंचा है तभी उमा देवी अपनी भाभी पिंकी,भाई कपिल, पिता चमन सिंह आदि के साथ मोरना पहुँची और ग्रामीणों को सच्चाई से अवगत कराकर पुलिस से शादी रुकवाने की गुहार लगाई। उमा देवी ने बताया कि पुलिस के आश्वासन के कुछ देर बाद आरोपी पुनः शादी के प्रयास में जुट गये। पुनः शादी रुकवाने पहुँची उमा देवी ने अपने व परिजनों के साथ आरोपियों द्वारा मारपीट करने के आरोप लगाते हुए। मोरना चौकी पुलिस पर कोई कार्रवाई न करने के गम्भीर आरोप भी लगाये हैं।

जनपद में पत्रकारिता के पुरोधा

स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा

को पुण्य तिथि पर श्रद्धा नमन।

''मुजफ्फरनगर बुलेटिन परिवार द्वारा स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा जी की पुण्यतिथि पर विकसित किया जा रहा उत्तम गार्डन जनपद में एक मॉडल के रूप में नागरिकों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएगा। इस नव पहल को प्रयत्न संस्था का नमन एवं श्री अंकुर दुआ व बुलेटिन परिवार को इसके लिए साधुवाद ''

प्रयत्न संस्था

श्री सोमांश प्रकाश (पूर्व विधायक) डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ, डॉ. एम. के. बंसल, बीना शर्मा, डॉ. नूतन जैन , अनीता राणा मलिक (सभी सम्मानित संरक्षक)
मुकेश अरोरा (अध्यक्ष), असद फारूकी (महासचिव), डॉ. रिंकू गोयल (महासचिव)
संतोष शर्मा (उपाध्यक्ष), अरविन्द कुमार गर्ग (उपाध्यक्ष), साधना मेहता (शक्ति अध्यक्ष),
रीना अग्रवाल, सोनिया लूथरा, डॉ. विवेक कुमार, गुंजन एन. अरोड़ा एडवोकेट, याशिका चौहान
अनुराधा वर्मा (सभी सेक्रेट्री), डॉ. प्रभा सिंह, डॉ. प्रेरणा मित्तल, अनुपमा सिंघल, डॉ. गीतांजलि वर्मा,
ईशान अग्रवाल, चारू गुप्ता, ऋषिराज राही (मीडिया सलाहकार)

एवं समस्त प्रयत्न परिवार, मुजफ्फरनगर

समर्थ प्रकाश
संस्थापक एवं चेयरमैन: प्रयत्न संस्था, मुजफ्फरनगर (NGO)
मुख्य आजीवन संरक्षक : श्री सनातन धर्म सभा (रजि0) मुजफ्फरनगर एवं कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज

संपर्क कार्यालय: मीनाक्षी थिएटर, मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर, सम्पर्क सूत्र: 7500075751

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 11 जुलाई (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 12 जुलाई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1290- इंग्लैंड के सम्राट ऐडवर्ड प्रथम के आदेश पर यहूदियों को बाहर निकाला गया। 1346-लक्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को रोमन साम्राज्य का शासक चुना गया। 1673-नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर हस्ताक्षर हुए। 1690- विलियम ऑफ ऑरेंज के नेतृत्व में प्रोटेस्टेंटों ने रोमन कैथोलिक सेना को पराजित किया। 1801-अल्जीसिरास की लड़ाई में ब्रिटेन ने फ्रांस और स्पेन को पराजित किया। 1823-भारत में निर्मित पहला वाष्प जहाज डायना का कलकत्ता में जलावतरण। 1862-अमेरिकी कांग्रेस ने मेडल ऑफ ऑनर को प्राधिकृत किया। 1912-क्वीन एलिजाबेथ अमेरिका में प्रदर्शित होने वाली पहली विदेशी फिल्म बनी। 1918-टोकायाम की खाड़ी में जापानी युद्धपोत में विस्फोट में 500 लोगों की मौत। 1935-बेल्जियम ने तत्कालीन सोवियत संघ को मान्यता दी। 1949-महात्मा गाँधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबन्ध को सशर्त हटाया गया। 1957-अमेरिकी सर्जन लेरोय इ बर्नी ने बताया कि धूम्रपान और फेफड़े के कैंसर में सीधा संबंध होता है। 1960-भागलपुर और रांची यूनिवर्सिटी की स्थापना। 1970- अलकनंदा नदी में आई भीषण बाढ़ ने 600 लोगों की जान ली। 1990- प्रसिद्ध सोवियत नेता बोरिस येल्तसिन ने सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी से इस्तीफा दिया। 1994-फलस्तीनी मुक्ति संगठन के अध्यक्ष यासर अराफात 27 वर्षों का निर्वासित जीवन गुजारने के बाद गाजा पट्टी आये। 1997-नोबल पुरस्कार से सम्मानित मलाला युसुफजई का पाकिस्तान में जन्म। 1998-फ्रांस और ब्राजील के बीच हुए फुटबॉल विश्वकप के फाइनल को कुल 1.7 अरब लोगों ने देखा। 2001-अगरतला से ढाका के बीच ह्यमैत्रीह्व बस सेवा की शुरूआत। 2006- इजरायल ने अपने दो सैनिकों के बंधक बनाये जाने के बाद लेबनान पर हमला किया। 2012-नाइजीरिया के ओकिबी में एक टैंक ट्रक में विस्फोट में 100 से अधिक लोग मारे गए। 2013-बॉलीवुड फिल्मों के जाने-माने अभिनेता प्राण का निधन। 2013-नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मलाला यूसुफजई ने यूनाइटेड नेशंस को संबोधित किया। आज मलाला का जन्मदिन भी है। 2019-यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम का द्वितीय वार्षिक लीडरशिप शिखर सम्मेलन वाशिंगटन में आयोजित। 2020-रेलवे ने पहली बार आंध्र प्रदेश से सूखी मिर्ची विशेष पार्सल ट्रेन से बंगलादेश तक पहुंचाई।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	72650	चांदी-	90700
सिक्का-	99000	गिन्नी-	54230

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 12 जुलाई, 2024

मेष- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, सुलभ, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि हासिल।

वृषभ- व्यापार में धन निवेश, कठिनाइयों का निराकरण, रचनात्मक कृत्यों की ओर संलग्नता, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, शारीरिक मानसिक कष्ट में कमी।

मिथुन- ग्रहस्थिति विपरीत, आय की तुलना में व्यय अधिक, अकेलेपन की अनुभूति, आपसी सम्बन्धों में मतभेद, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, नवसम्पर्क व्यर्थ।

कर्क- अधूरी योजना की पूर्ति, समझदारी से किया गया कार्य लाभप्रद, सम्मान में वृद्धि, स्वयं की प्रतिभा का सदुपयोग, उत्साह में वृद्धि, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य।

सिंह- समय शुभ, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, आत्मसंयम से सिद्धि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुचि, जीवन साथी से सहयोग।

कन्या- प्रगति हेतु प्रयत्नशील, सद्विचारों का उदय, आपसी सौहार्द, वैमनस्यता का समापन, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन मधुर, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

तुला- कार्यों के प्रति उदासीनता, प्रियजनों से विश्वासघात की आशंका, आर्थिक हानि, वैवाहिक जीवन में असंतोष, व्यय की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति।

वृश्चिक- शुभ भावनाओं का उदय, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, स्वयं का निर्णय हितकर, जनकल्याण की ओर प्रवृत्ति, व्यक्तित्व को बनाये रखने में व्यय।

धनु- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, पठन-पाठन में रुचि, आत्मिक शांति।

मकर- सामयिक सिद्धि का प्रयास, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

कुम्भ- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल, धनागम में बाधा, मित्रों एवं परिजनों से गलतफहमी, व्यापारिक पहलू को लेकर चिन्तित, सुख शांति का अभाव।

मीन- सफलता का सुयोग, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

आधी रात को दो गांव में चोरी की घटनाओं से मचा हड़कंप

भोपा, 11 जुलाई (बु.)। थाना क्षेत्र के दो गांव में अलग-अलग घरों में चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। एक ही रात चोरों ने दो घरों को खंगाल लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी कर डॉग स्क्वायड की सहायता से घटना की जांच पड़ताल कर चोरी के खुलासे का आश्वासन पीड़ितो को दिया है।

थाना भोपा क्षेत्र के गांव बरुकी निवासी सुरेश ने बताया कि बुधवार की रात्रि लगभग एक बजे उसकी पत्नी सरोज की आंख खुली तो उसने देखा एक व्यक्ति घर का सामान उठा कर ले जा रहा है। सरोज ने शोर मचाया तो छत पर सो रहा अरविंद दौड़कर नीचे आया। शोर सुन कर पड़ोसी भी इकट्ठा हो गए और घर के पीछे खेत में चोर का पीछा किया। किन्तु चोर जंगल के रास्ते फरार हो गया। चोर दो खाली बक्से व कुछ अन्य सामान को खेत में ही छोड़ गए पीड़ित ने बताया की चोर 15 हजार की नकदी, एक गले का सेट, एक मंगलसूत्र एक अंगूठी एक जोड़ी झुमके तथा तीन जोड़ी पाजेब दो जोड़ी बिछुआ चोरी कर ले गये हैं। वहीं दूसरी ओर गांव रसूलपुर निवासी महावीर के घर में भी बुधवार की रात्री में चोरों ने धावा बोलकर कमरे में रखी आलमारी व बक्से का लॉक तोड़कर उसमें रखे जेवर, नकदी व अन्य कीमती सामान समेट कर फरार हो गए। 2300 रुपये की नकदी, एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी झुमकी तथा दो जोडी पाजेब एक जोड़ी बिछ्वे चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान को चुरा ले गए। रात में ही सूचना पर मौके पर डायल 112 के साथ ही थाने की पुलिस पहुंची। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर सामान की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जांच पड़ताल कर जल्द ही घटना के खुलासे का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया है।

ग्रेन चैंबर स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर नुक्कड़ नाटिका संपन्न

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान, कोर्डिनेटर आशीष त्यागी (सीनियर विंग) एवं काउंसलर (जूनियर विंग) कंचन उपस्थित रहे। ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से समाज में जागरूकता प्रसारित करने हेतु एक पहल की, जिसमें कलाकारों ने सीमित संसाधनों के साथ बढ़ती जनसंख्या के नुकसान बताये गये।

विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने बताया कि वृक्ष इस पृथ्वी पर हमारे पूर्वज हैं। वृक्ष संरक्षण, भूमि संरक्षण व जल संरक्षण के माध्यम से जनसंख्या के बढ़ते सुरसा-मुख पर काबू किया जा सकता है, चाहे उनकी राष्ट्रीय भौगोलिक या सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, तभी हम सभी के लिएवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं।

सहारनपुर में आठ शातिर ठग किए गिरफ्तार

सहारनपुर, 11 जुलाई (वार्ता)। सहारनपुर जिले की थाना जनकपुरी पुलिस ने सोने के सिक्के दिखाकर लाखों की ठगी करने वाले एक गिरोह के आठ ठगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 557 नकली सिक्के पीलू धातू के, छह एनड्राइड फोन, एक की-पेड फोन, 91500 रूपए नकद, दो अंगूठी पीली धातु बरामद किए गए और साढ़े चार लाख रूपए अभियुक्तों के बैंक खातों में फ्रीज कराए गए। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने गुरूवार शाम बताया कि थाना जनकपुरी में ठगी किए जाने की दो रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पहली रिपोर्ट 7 जुलाई को संजय सैनी निवासी मकदूमपुर रोड़ कस्बा व थाना मवाना मेरठ में दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि अज्ञात लोगों ने नकली सोने के सिक्के को असली बताकर उससे 25 लाख रूपए की ठगी कर ली। थाना जनकपुरी में मुकदमा दर्ज किया गया।

कच्चे रास्ते को पक्का कराने की ग्रामीणों ने की मांग

भोपा, 11 जुलाई (बु.)। गांव खुशीपुरा जाने वाले मार्गो का आजतक निर्माण नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता पक्का न होने से व्यवसायिक वाहन गाँव तक नही जाते हैं। जिससे गांव के बच्चे उच्च प्राथमिक शिक्षा से महरूम हैं तथा बीमार महिलाओं को इस मार्ग से गुजरने में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से रास्ते को पक्का बनवाने की मांग की है। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव सीकरी का मजरा खुशीपुरा अनेक समस्याओं से ग्रस्त है तथा विकास के मामले में फिसड्डी है। गाँव मूलभूत सुविधाओं से तो दूर है ही साथ ही गांव के मुख्य मार्ग भी आज तक कच्चा पड़ा है। बरसात के मौसम में टूटे पड़े कच्चे मार्ग पर गहरे गड्ढो से ग्रामीणों का निकलना दुश्वार हो गया है। गाँव की महिला अफसरी ने बताया कच्चे रास्ते के कारण गाँव में ई रिक्शा भी नहीं आती है। महिलाओं को बीमारी की हालत में भी कोसों दूर पैदल चलना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक जाने में बड़ी परेशानी होती है। ग्रामीण महमूद ने बताया कि रास्ते को बनवाने की मांग वह कभी से करते आ रहे हैं। किंतु कोई सुनवाई नहीं होती अधिकारी व जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देकर चले जाते हैं। मुख्य मार्ग के न होने से बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को भारी परेशानी होती है। गाँव मे अन्य विकास कार्य भी नहीं हो रहे हैं। विकास न होने के कारण अनेक ग्रामीण झोंपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीण ने बताया कि शमशाद ने बताया कि योगेन्द्र नगर गांव से उनके गाँव की दूरी मात्र 2 किमी. है। व सीकरी गाँव से पाँच की किमी की दूरी है। दोनों मार्ग पक्के बन जाने से गाँव तक पहुंचना आसान होगा तथा ग्रामीणों का जुड़ाव अन्य स्थानों से हो पायेगा। वहीं ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर रास्ते को बनवाने सहित गाँव मे विकास करने की माँग शासन प्रशासन से की है। इस अवसर पर मुंतियाज, फारूख, शमसुद्दीन, महमूद, फैयाज, अली हुनर, इमराद अली, वसीम, मुनफेद, फरियाद, फरीद, दिलबर, सलमान, महराज, शहरोज, मीरजहां, आशीर्दा, नाजमा, अजमेरा आदि मौजूद रहे।

मामूली कहासुनी पर पति ने पत्नी के साथ की मारपीट

भोपा, 11 जुलाई (बु.)। फ्रिज से पानी पीने को लेकर हुई कहासुनी के बाद पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने पति पर उत्पीड़न करने व मारपीट करने के आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। छपार थाना क्षेत्र के गांव बरला निवासी महिला शहजादी ने थाना भोपा पर जानकारी देते हुए बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पूर्व कस्बा भोकरहेड़ी निवासी युवक से हुई थी। उसकी दो संतान है। महिला ने सुसराल पक्ष पर प्रताड़ित करने व मारपीट के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गुरूवार की सुबह वह फ्रिज से पानी निकाल कर पानी पी रही थी तभी पति ने गाली गलौच कर मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। पति व सुसराल जनों के अत्याचार से परेशान होकर उसने पुलिस व परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद दोनों पक्षों ने थाने पर पहुंच कर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। थाने पर काफी देर तक गहमागहमी रही, जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता होने की बात बताई गयी है।

एमसीए की परीक्षा में पूर्णिमा, रिया और निशांत ने बाजी मारी

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के छात्रों ने एम.सी.ए. में शत-प्रतिशत रिजल्ट देकर एक बार फिर सफलता का परचम लहराया। आज एम.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची तैयार की गयी। प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची में पूर्णिमा मिश्रा ने 81.71, रिया पाल ने 81.24 एवं निशांत वत्स ने 80.76 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय भगवान, माता-पिता एवं अध्यापकगणों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया। कम्प्यूटर एप्लीकेशन के डीन/विभागाध्यक्ष निशांत कुमार राठी ने सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने विभाग के सभी प्रवक्ताओं को उनके सतत प्रयासों के लिये सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सफलताओं के आकाश को छूने की आशा व्यक्त की। कॉलेज की डीन एकेडमिक्स सुचित्रा त्यागी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रवक्ता नीतू सिंह, प्रवीण कुमार, अमित त्यागी, संजयकान्त त्यागी, डा. प्रमोद कुमार, विकास कुमार, मौ. युसुफ, हिमांशु होरा, अंकुर रोहेला, विश्वास कुमार, राहुल गौतम, निधि, विधि, सिद्धांत गर्ग, नवनीत चौहान, अजय कुमार, कपिल कुमार, राहुल मैनवाल, सुमित, शुभम तायल, राधिका मित्तल, हंस कुमार एवं मनोज पुण्डीर, दिनेश यादव आदि ने सभी को बधाई दी।

मधुमक्खी पालन के लिए लोगों को जागरूक किया

मीरापुर, 11 जुलाई (बु.)। प्रदेश में शहद उत्पादन बढ़ाने के लिए लखनऊ से आयी टीम ने मीरापुर में मधुमक्खी पालकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उन्हें शहद उत्पादन बढ़ाने के बारे में जानकारी दी। गुरूवार को मधुमक्खी पालक आफताब खान के पड़ाव चौक स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित मधुमक्खी पालकों के साथ बैठक करते हुए लखनऊ के गिरी विकास अध्ययन संस्थान से आये कमलेश कुमार ने जनपद में शहद उत्पादन के कम होने पर चिंता जताते हुए मधुमक्खी पालकों की समस्याएं सुनी,तथा लोगों से मधुमक्खी पालन बढ़ाने की अपील की। इस दौरान मधुमक्खी पालकों ने किसानों द्वारा खेतों में किये जा रहे पेस्टीसाइड के प्रयोग से मधुमक्खी मरने की बात बताई। लखनऊ से आये कमलेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के 30 जनपदों में उनके द्वारा सर्वे किया गया है। प्रदेश में मधुमक्खी पालन क्यों कम हो रहा है, इसका सर्वे कर प्रदेश में शहद उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से आफताब खान, चन्दन सिंह, जगत सिंह, भाव सिंह, हरदीप सिंह, सुभाष सिंह आदि मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम का जिला अस्पताल में किया पौधारोपण

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ स्वास्थ्य के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बीच जिला चिकित्सालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया। इस दौरान सीएमओ एवं उपाध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी डॉ. एमएस फौजदार ने चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण कर जनपद वासियों से अपील की कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं, साथ ही पर्यावरण को बचाएं। गुरूवार को डीएम व अध्यक्ष अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के निर्देश पर जिला प्रबंध समिति, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अशोक अरोरा, वाईस चेयरमैन डॉ. राजीव कुमार, सचिव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रशान्त कुमार, सदस्य जिला स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी डॉ. गीतांजलि वर्मा द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर को सुंदर एवं छायादार बनाने हेतु फलदार एवं छायादार पौधें लगाए गए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान में मुख्य रूप से शिवराज सिंह, रतन सिंह, मदन सिंह एवं बहादुर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

जनसंख्या नियंत्रण को प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से गुरूवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह पंवार के नेतृत्व में जिला प्रशासन को सौंपे गए 10 सूत्रीय मांग पत्र में सरकार से जनसंख्या विस्फोट एवं जन सांख्यिकीय असंतुलन पर प्रभावी नियंत्रण किए जाने की मांग की, ताकि भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व और समूची मानवता के लिए सुखदायी बन सके।

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नरेन्द सिंह पंवार साधु ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पंवार साधु ने जिला प्रशासन को सौंपे गए उक्त 10 सूत्रीय मांग पत्र में देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या वृद्धि को विस्फोट एवं जन सांख्यिकीय असंतुलन की संज्ञा देते हुए देश के प्रधानमंत्री से प्रभावी नियंत्रण कराए जाने की मांग की, ताकि भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व व समूची मानवता के लिए भी यह सुखदायी साबित हो सकेगा। संगठन की ओर से सौंपे गए पत्र में बताया कि कानून अधिसूचित होने की तिथि के एक वर्ष के बाद कानून तोड़कर दूसरी से अधिक संतान उत्पन्न करने वाले जैविक माता-पिता व संतान को जीवन पर्यन्त मताधिकार एवं अन्य किसी प्रकार की चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित किया जाए। साथ ही जाति, धर्म व संप्रदायों से ऊपर उठकर यह प्रावधान स्पष्ट रूप से रहे कि पहली शादी से दो संतानों के साथ तलाक होने की स्थिति में स्त्री या पुरुष में से कोई भी दूसरी शादी के बाद संतानोत्पत्ति के अधिकारी नहीं रहेंगे। भले ही दूसरे जीवन साथी को पहले से कोई संतान न हो। ऐसे में अगर एक बच्चा हो तो केवल एक बच्चे की उत्पत्ति का अधिकार ऐसे जोड़ों को दिए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से लोकेन्द्र कुमार व ममता सहगल आदि मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिता में मेडल जीतकर आई महिला सिपाहियों को एसएसपी अभिषेक ने किया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। 72वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर पुलिस को गौरवान्वित करने वाली महिला आरक्षियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा अपने कार्यालय में सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया और प्रदर्शन की सराहना की गई।

रिजर्व पुलिस लाईन जनपद मेरठ में आयोजित पांच दिवसीय 72वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता-2024 में जनपद मुजफ्फरनगर की महिला आरक्षी कुसुम द्वारा वालीबॉल, हैण्डबॉल व सेपक टकरा तथा महिला आरक्षी शालू व नीलू द्वारा हैण्डबॉल में प्रतिभाग किया गया। महिला आरक्षी कुसुम द्वारा वालीबॉल, हैण्डबाल में प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल तथा सेपक टकरा प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रहकर ब्रांज मेडल प्राप्त किया गया। महिला आरक्षी शालू व नीलू द्वारा हैण्डबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया गया। गुरूवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर पुलिस को गौरवान्वित करने वाली महिला आरक्षियों को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गयी। तीनों महिला आरक्षी पुलिस लाइन में कार्यरत हैं।

एसएसपी अभिषेक सिंह ने पुलिस कर्मी बैरक का किया लोकार्पण

कप्तान के कैम्प कार्यालय पर तैनात पुलिसकर्मियों को मिलेगी रहने के लिए बेहतर जनसुविधा

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा अपने कैम्प कार्यालय पर पुलिसकर्मियों के लिए बनाई गई आदर्श बैरक का लोकार्पण किया गया। बैरक में पुलिस कर्मियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए कई जनसुविधाओं को विकसित किया गया।

गुरूवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा अपने कैम्प कार्यालय पर पुलिसकर्मियों के लिए बनाई गयी आदर्श बैरक का लोकार्पण किया गया। आदर्श बैरक में पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए बेड, अलमारी, पंखे, एसी तथा आरओ की व्यवस्था की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बैरक की अलमारी, साफ सफाई, रंगाई-पुताई, बिजली आदि व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिसकर्मियों से वार्ता करते हुए आदर्श बैरक के लिए सभी को बधाई दी गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक व्योम बिंदल, पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) सुशील कुमार गुप्ता, पीआरओ श्री राजेश कुमार भारती, प्रभारी निरीक्षक मीडिया सैल रविन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक : 67/सा.वि./2024-25 दिनांक 11-07-2024

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर क्षेत्र से 500 बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़े जाने के कार्य को कराये जाने हेतु अनुभवी ठेकेदार से निविदा दिनांक 01-08-2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एक दिन पूर्व प्रातः 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक निर्धारित जीएसटी सहित निविदा शुल्क जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के स्वास्थ्य विभाग से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा के साथ व्ययानुमान की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी, जमा कराया जाना आवश्यक है, साथ ही निविदादाता को शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। यह स्वघोषणा पत्र अंकन-100/- रु. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर दिया जायेगा। बिना इसके कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। अन्य विवरण एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के स्वास्थ्य विभाग से ज्ञात की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 01-08-2024 की सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा तथा निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश एवं विषम स्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। सशर्त कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। किसी भी एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका अध्यक्ष महोदया में निहित है।

क्र.सं.	कार्य का विवरण	प्रति बंदर पकड़ने का व्यय	कुल व्ययानुमान	धरोहर राशि 10 प्रतिशत	निविदा मूल्य 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	नगर क्षेत्र से 500 बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़े जाने का कार्य।	510 रु.	2,55000 रु.	25,500 रु.	200+36=236 रु.	02 माह

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
मुजफ्फरनगर

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
मुजफ्फरनगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
मुजफ्फरनगर

योगी ने लापरवाही पर पांच एडीएम से किया जवाब-तलब

लखनऊ, 11 जुलाई (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार में लिप्त और कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के लिए लगातार सख्त एक्शन ले रहे हैं। इसी के तहत उन्होने गुरुवार को बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही बरतने वाले पांच जिले के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञों से स्पष्टीकरण तलब किया है। इन पांचों जिलों के लापरवाह अधिकारियों को दो दिन में अपना स्पष्टीकरण देना होगा। बताया जा रहा है कि अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो सीएम योगी सख्त कार्रवाई कर सकते हैं। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावित इलाकों की रोजाना अपेडट ले रहे हैं। साथ ही अधिकारियों को राहत कार्यो से संबंधित दिशा-निर्देश दे रहे हैं ताकि जनहानि-धनहानि को कम से कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, अंबेडकरनगर और बलिया के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ द्वारा बाढ़ संबंधी सूचना ससमय उपलब्ध न कराने एवं फसलों के सर्वे में लापरवाही की सूचना मिली।

केजरीवाल को जेल में रखने के लिए बनाया गया आरोपी:आप

नयी दिल्ली, 11 जुलाई (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एजेंडे का हिस्सा करार देते हुए गुरुवार को कहा कि एजेंसी के पास कोई सबूत नहीं है लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में रखने के लिए आरोपी बनाया गया है। 'आप' राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने गुरुवार को कहा,'' भाजपा द्वारा रचित तथाकथित शराब घोटाले में ईडी ने सातवां पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। इस आरोप पत्र में ईडी ने श्री केजरीवाल और 'आप' को आरोपी बनाया है। ईडी ने आरोप पत्र में जिन चीजों को हाइलाइट किया है, उस पर 20 जून को स्पेशल कोर्ट पहले ही स्पष्ट आदेश दे चुका है। स्

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता

सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते को लेकर एक अहम फैसला किया है। इस फैसले ने शाहबानो मामले की याद दिला दी है, क्योंकि इस फैसले के तहत मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं को भी गुजारा भत्ते का हक मिल गया है। 10 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने फैसला दिया है कि मुस्लिम महिलाओं को भी अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। दोनों ही जजों ने सीआरपीसी की धारा 125 का हवाला देते हुए कहा है कि सीआरपीसी की धारा 125 हर धर्म की शादीशुदा महिलाओं पर लागू होती है और मुस्लिम महिलाएं इस धारा से अलग नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला 12 साल पुराने केस में आया है। तब 15 नवंबर 2012 को तेलंगाना के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल समद की पत्नी ने अब्दुल समद का घर छोड़ दिया था। घर छोड़ने के करीब पांच साल बाद महिला ने अपने पति के खिलाफ आईपीसी की धारा 498 ए पति या रिश्तेदार द्वारा क्रूरता करना और धारा 406 आपराधिक विश्वासघात के तहत केस दर्ज करवाया था। इससे नाराज अब्दुल समद ने अपनी पत्नी को साल 2017 में तीन तलाक दे दिया। 28 सितंबर 2017 को दोनों का तलाक हो गया। फिर महिला ने फैमिली कोर्ट में याचिका दाखिल की और कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत उसे पूर्व पति अब्दुल समद से गुजारा भत्ता चाहिए, 9 जून 2023 को फैमिली कोर्ट ने अब्दुल समद को आदेश दिया कि वो अपनी पूर्व पत्नी को हर महीने 20 हजार रुपये गुजारा भत्ता दे, लेकिन अब्दुल समद इसके खिलाफ हाईकोर्ट चले गए। तो हाईकोर्ट ने भी फैमिली कोर्ट का फैसला बरकरार रखा, बस गुजारे भत्ते की रकम 20 हजार से घटाकर 10 हजार कर दी। तो अब्दुल समद सुप्रीम कोर्ट चले गए और कहा कि किसी मुस्लिम पर सीआरपीसी की धारा 125 लागू नहीं होती है, बल्कि उस पर 1986 में बना कानून तलाक पर अधिकार का संरक्षण लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट ने अब्दुल समद की दलील नहीं मानी और 10 जुलाई 2024 को फैसला देते हुए कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 हर धर्म पर लागू होती है। लिहाजा अब्दुल समद को अपनी पूर्व पत्नी को गुजारा भत्ता देना ही होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को शाहबानो 2.0 कहा जा रहा है, क्योंकि 1985 में सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने शाहबानो के मामले में भी ऐसा ही फैसला दिया था। इंदौर की रहने वाली शाहबानो को भी उनके पति मोहम्मद अहमद खान ने तीन तलाक दे दिया था। अपना और अपने पांच बच्चों का भरण पोषण करने के लिए शाहबानो अदालत पहुंची और सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने पूर्व पति से गुजारे भत्ते की मांग की, 1985 में ये मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और तत्कालीन चीफ जस्टिस यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने फैसला शाहबानो के पक्ष में सुनाया। तब चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस रंगनाथ मिश्रा, जस्टिस डीए देसाई, जस्टिस ओ चिनप्पा रेड्डी और जस्टिस ईएस वेंकटचेलैया ने 23 अप्रैल 1985 को फैसला दिया कि मोहम्मद अहमद खान को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपनी पूर्व पत्नी शाहबानो को गुजारा भत्ता देना ही होगा। तब ये रकम 179 रुपये 20 पैसे तय की गई थी, लेकिन तब मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध किया, शरीयत में दखल का हवाला दिया और तत्कालीन प्रधानमन्त्री राजीव गांधी को मुस्लिम वोट बैंक के छिटकने के डर से सुप्रीम कोर्ट के बनाए कानून को पलटने के लिए संसद में कानून बनाना पड़ा। मुस्लिम धर्म गुरुओं और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के दबाव में मई 1986 में संसद से एक कानून पारित हुआ। इसे नाम दिया गया मुस्लिम महिला, तलाक पर अधिकार का संरक्षण कानून। ये कानून कहता है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला को अपने पति से इद्दत के वक्त तक ही गुजारा भत्ता मिलेगा। इसके अलावा कानून में ये भी है कि तलाक से पहले जन्मे बच्चे या फिर तलाक के बाद जन्मे बच्चे का महिला अगर अकेले पालन-पोषण नहीं कर सकती है, तो पूर्व पति से महिला को दो साल तक गुजारा भत्ता मिलता रहेगा, हालांकि, बाद के सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग फैसलों में भरण-पोषण या गुजारा भत्ते को इद्दत से बढ़ाकर तब तक के लिए कर दिया, जब तक कि महिला की दूसरी शादी नहीं हो जाती है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी के समय बनाए कानून को पलट दिया है? जानकार इसके जवाब में कहते हैं नहीं। 10 जुलाई के फैसले से पहले भी साल 2001 में डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ के केस में सुप्रीम कोर्ट ने 1986 के कानून को मान्यता देते हुए बदलाव किया था कि भरण-पोषण तब तक मिलता रहेगा, जब तक महिला दूसरी शादी न कर ले। फिर 2009 में भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिलाओं को भरण-पोषण की राशि तब तक मिलती रहेगी, जब तक उनकी दूसरी शादी न हो जाए। अपने अलग-अलग फैसलों में सुप्रीम कोर्ट ने हमेशा यह साफ किया है कि 1986 का कानून सीआरपीसी की धारा 125 पर किसी तरह की रोक नहीं लगाता है, लिहाजा मुस्लिम महिला को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण मिलता रहेगा। अब भी 10 जुलाई का फैसला ऐसा ही है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने 1986 के बनाए कानून से नहीं बल्कि सीआरपीसी के जरिए फैसला दिया है। 10 जुलाई 2024 के अपने फैसले में जस्टिस नागरत्ना ने 1986 के कानून का जिक्र करते हुए साफ तौर पर लिखा है कि 1986 में बनाए संसद के कानून ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण के लिए सीआरपीसी की धारा 125 के तहत दावा करने पर कोई रोक नहीं लगाई थी। एक सवाल और उठ रहा है कि क्या राजीव गांधी की तरह पीएम मोदी भी इस निर्णय में हस्तक्षेप करेंगे? इसका जवाब भी नहीं में ही है। शाहबानो केस में जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया, तो मुस्लिम धर्मगुरुओं और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसे सीधे तौर पर इस्लाम से जोड़ दिया। फैसले को शरीयत के खिलाफ बता दिया और राजीव गांधी पर फैसला पलटने के लिए दबाव बनाने लगे।तब राजीव गांधी ने संसद में कानून बनाकर फैसला पलटा। उनकी पार्टी में भी इसका विरोध हुआ। अब जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है तो नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमन्त्री हैं और अपने दूसरे ही कार्यकाल में तीन तलाक पर कानून बनाकर वो मुस्लिम महिलाओं के हक-हुकूक की बात कर चुके हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

''रामायण'' ''रावण'' ''महाभारत'' ''दुर्योधन''

है रामायण में रावण भी,महाभारत में दुर्योधन,
नयी फिल्में नये गुन्डे, तो गब्बर है पुरानी में।
कहानी बढ़ नहीं सकती, कभी इनके बिना 'उत्सव',
बुरे किरदार भी कितने जरूरी हैं कहानी में।



बिना अनुमति मजलिस करने से दो पक्षों में तनाव, सूचना से पुलिस में हड़कंप

-पुलिस ने जबरन घर में मजलिस करने पर चौकीदार समेत चार का चालान किया - सूचना पर सीओ, इंस्पेक्टर पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे

मीरापुर, 11 जुलाई (बु.)। चुड़ियाला में चौकीदार द्वारा घर में बिना अनुमति मजलिस करने को लेकर दो पक्षों में तनाव व्याप्त हो गया। सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे सीओ जानसठ व तहसीलदार व इंस्पेक्टर मौके पर पहुंच गए और शिया समुदाय के लोगों से इमाम बारगाह में ही मजलिस करने की अपील की। पुलिस के गांव से वापिस आने के बाद जबरन घर में मजलिस करने का प्रयास करने पर पुलिस ने ग्राम चौकीदार समेत चार लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। चुडियाला गांव में शिया समुदाय के हसन रजा व ग्राम चौकीदार नजर मोहम्मद उर्फ नजरू पक्ष में पिछले कई वर्षो से विवाद चला आ रहा है। चौकीदार ने कुछ वर्ष पूर्व घर बनाने के लिए एक प्लाट खरीदा था, किन्तु आरोप है कि वह उसमें जबरन मजलिस करने का प्रयास करता है जिसे लेकर कई बार विवाद हो चुका है। इस बार मोहर्रम के दौरान हसन रजा पक्ष इमाम बारगाह में मजलिस कर रहा है, जबकि पुलिस की चेतावनी के बावजूद चौकीदार नजर मोहम्मद अपने पक्ष के लोगों के साथ अपने घर में ही मजलिस कर रहा है। इसकी सूचना गुरूवार को किसी ने इंस्पेक्टर दिनेशचन्द्र बघेल को दी। चौकीदार नजर मोहम्मद द्वारा बिना अनुमति अपने घर में मजलिस करने को लेकर पुनः तनाव हो गया। सूचना मिलते ही सीओ जानसठ यतेंद्र नागर, तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल, इंस्पेक्टर दिनेशचंद्र बघेल पुलिसबल के साथ गांव पहुँच गए तथा दोनों पक्षों के लोगों को बैठाकर इमाम बारगाह में ही मजलिस करने की अपील की, जिस पर दोनों पक्ष सहमत हो गए। किन्तु पुलिस के लौट आने के बाद चौकीदार नजर मोहम्मद ने फिर से घर में ही मजलिस करने का प्रयास किया, जिसकी सूचना पर पुलिस फिर मौके पर पहुँच गई तथा मौके से चौकीदार नजर मोहम्मद, नईम, हसन रजा, प्रवेज को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। पुलिस ने चारों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। उधर इस सम्बन्ध में मीरापुर थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने कहा कि पुराने विवाद के चलते दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है। ग्राम चौकीदार अपने भाईयों सहित कुछ अन्य लोगों के साथ अपने घर पर ही नियम विरुद्ध मजलिस कर रहा था। विवाद के चलते चार लोगों का हिरासत में लेकर शान्तिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है।

चौकीदार करा सकता है बवाल

मीरापुर, 11 जुलाई (बु.)। गांव चुड़ियाला में चौकीदार नजर मोहम्मद ने वर्ष 2018 में एक प्लाट घर बनाने के लिए लिया था, किंतु वह जबरन उसे इमाम बारगाह बनाने पर तुला हुआ है तथा तभी से यहां मोहर्रम की मजलिस करने का प्रयास करता है, जिसे लेकर विवाद होता है। कई बार एसडीएम व सीओ गांव में मीटिंग कर मजलिस केवल इमाम बारगाह में ही करने के निर्देश दे चुके है, जिसमें चौकीदार भी पुलिस को लिखित आश्वासन दे चुका है किंतु पुलिस के आते ही चौकीदार पुनः घर में ही मजलिस करनी शुरू कर देता है जिसे लेकर बार-बार पुलिस को मौके पर दौड़ना पड़ता है।चौकीदार की ये हरकत गांव में कभी भी बवाल करा सकती है।

31 जनवरी तक का गन्ना पेमेंट किसानों के खातों में पहुंचा

बुढ़ाना, 11 जुलाई (बु.)। बीती 31 जनवरी तक का गन्ना भुगतान किसानों के खाते में पहुंच गया है। इसके लिए भसाना शुगर मिल क्षेत्र के कई गन्ना किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट का आभार जताया है। मिली जानकारी के अनुसार आज गुरूवार के दिन जब बजाज शुगर मिल भसाना की गन्ने के भुगतान की सूचना क्षेत्र के किसानों के पास पहुंची कि आज भसाना बजाज शुगर मिल द्वारा आठ दिनों का भुगतान यानि कि बीती 31 जनवरी तक का भुगतान किसानों के खाते में पहुंच गया है तो उनके चेहरे पर थोडी सी खुशी देखने को मिली और बताया कि यह 8 दिन का भुगतान भी भारतीय किसान यूनियन के 09 जुलाई को दिए गये धरने की वजह से दिया गया है, न ही तो यही भुगतान किसानों को 15 अगस्त के बाद ही मिल पाता। युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा का कहना कि हमारे जिले की सभी मिलों ने गन्ने का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया है, जबकि बजाज शुगर मिल भसाना ने अब तक कुल 50 प्रतिशत ही गन्ने का भुगतान किया है। यह जिले में सबसे फिसड्डी शुगर मिल है, जो बजाज के नाम से भसाना में है। इस शुगर मिल पर किसानों का अभी भी 200 करोड़ रूपया गन्ने का बकाया है। किसानों का मानना है कि यह शुगर मिल आगे भी बिना धरना प्रदर्शन के किसानों को उसके गन्ने का भुगतान करने वाले नहीं है, क्योंकि यही शुगर मिल ऐसी है, जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का भी आदेश नहीं मानता है।

गन्ने की 'मिठास' से किसानों को साधने की कोशिश !

जनसंख्या नियंत्रण को नगर में निकाली जागरूकता रैली

- सीएमओ ने किया हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जन नगरीय क्षेत्र में जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सीएमओ डॉ. एम एस फौजदार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। योगी सरकार की पवित्र मंशा के बीच जिले में गुरूवार 11 जुलाई से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा, ताकि लोगों को इसके प्रति जागरुक किया जा सकें। जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आज विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या स्थिरता के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं आशा कार्यकत्रियों के साथ मिलकर निकाली गई। रैली का शुभारंभ सीएमओ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएस फौजदार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने लोगों को जनसंख्या स्थिरता के प्रति नारे लगाकर जागरुक करते हुए मुख्य मार्ग से रैली निकाली गयी। इस दौरान सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को जनसंख्या स्थिरता के प्रति इस बीच जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम विकसित भारत की नई पहचान-परिवार नियोजन हर दंपति की शान रखी है। उन्होंने बतांया कि यह पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत परिवार नियोजन के प्रति जन जागरूकता के साथ स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन के संबंध में सेवा प्रदायगी भी दी जाएगी। रैली में एसीएमओ डॉ. अशोक कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. गीतांजलि वर्मा, एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. उमंग सिंघल, डॉ. वैशाली, डॉ. ईशान, दिव्यांक दत्त, खालिद आदि उपस्थित रहे।

भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बुस.)। गांधीनगर में श्री श्यामा श्याम मंदिर प्रांगण में आज श्री महालक्ष्मी जी, श्री विष्णु भगवान जी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा की गई। पंडित हंसराज भारद्वाज, पंडित जगमोहन भारद्वाज, पंडित नरेंद्र शर्मा आदि 7 पंडितों ने वेद मंत्रों के द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान नामेश्वर त्यागी, कपिल देव अग्रवाल (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार) रहे। प्राणप्रतिष्ठा से पहले धार्मिक परंपरा के अनुरूप माता श्री महालक्ष्मी जी, श्री भगवान विष्णुजी की रथ पर बैठाकर बैंडबाजे के साथ गांधीनगर कॉलोनी के मुख्यमार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। प्राण-प्रतिष्ठा उपरांत मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ललित अग्रवाल, हरीश गोयल (भाजपा नेता), आदित्य अग्रवाल, वीरेश शर्मा, संजय गर्ग, डॉ. सुभाष छोछलान, अमरनाथ, निशांत गर्ग, संजीव गौतम, प्रदीप सिंघल, चंद्रप्रकाश, कमलकांत एडवोकेट, नवनीत गुप्ता, विशाल गर्ग आदि बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

बाइक सवार बदमाशों ने 50 हजार रुपये ठगे

खतौली, 11 जुलाई (बु.)। बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से पचास हजार रुपये की नकदी ठग ली और फरार हो गए। घटना से पीड़ित व्यक्ति को अचेत अवस्था में पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खतौली देहात भूड़ क्षेत्र निवासी जान मौहम्मद नगर के निवासी ठेकेदार यासीन के यहां नौकरी करता है। बताया जाता है कि गुरूवार को जान मौहम्मद ठेकेदार यासीन के यहां से अपनी तन्ख्वाह सहित पचास हजार रुपये लेकर अपने घर जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही जान मौहम्मद ठेकेदार यासीन के यहां से अपनी तन्ख्वाह सहित पचास हजार रुपये लेकर अपने घर जा रहा था तो बताया जाता है कि जैसे ही जान मौहम्मद जीटी रोड पर पहुंचा, तभी उसे दो बाइक सवार व्यक्ति मिले, जिन्होंने जान मोहम्मद से पांच सौ रुपये खुले देने को कहा। जान मौहम्मद का कहना है कि उसने उसके पास खुले रुपये नहीं होने की बात कई बार कही, तो उन्होंने कहा कि तुम्हारी जेब में तो रुपये हैं, हमें उनमें से खुले रुपये दे दो। पीड़ित का कहना है कि इसके बाद उन्होंने उसकी जेब से जबरदस्ती सभी रुपये निकल लिये। अब उसने अपने रुपये वापस देने की गुहार की तो बाइक सवार युवकों ने एक कपड़े में लिपटे बंडल को उसको लौटा दिया तथा तत्काल दोनों युवक वहां से फरार हो गए। युवकों द्वारा दिये गए बंडल को जैसे ही जान मौहम्मद ने खोला तो उसके होश उड़ गए। बंडल में कागज के टुकड़े देख जान मौहम्मद अचेत अवस्था में सड़क पर गिर गया। आसपास में मौजूद लोगों द्वारा तत्काल आस मौहम्मद को कोतवाली पहुंचाया, जहां से हालत बिगड़ने पर पुलिस द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर ठगों की तलाश में जुटी है।

मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा स्थापित

छपार, 11 जुलाई (बु.)। भगवान श्री हनुमान जी शोभायात्रा निकाल गांव में मंदिर का निर्माण कर मंत्रोचार के बीच प्राण प्रतिष्ठा स्थापित की गई। छपार थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में ग्रामीणों ने शिव मंदिर के परिसर में एक भव्य हनुमान जी का मंदिर का निर्माण किया गया है। गुरूवार में गांव में हनुमान जी परिक्रमा निकालकर मंत्रोचार व यज्ञ का आयोजन कर हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। हनुमान जी की शोभायात्रा में बडी संख्या में महिला-पुरूष साथ-साथ चल रहे थे। नए निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर रहतू त्यागी, योगेश त्यागी, धर्मबीर त्यागी, उमेश त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

लुटेरों ने लाखों रुपये की संपत्ति लूटकर पुलिस में मचाया हड़कंप

बुढ़ाना, 11 जुलाई (बु.)। कोतवाली की परासौली चौकी क्षेत्र में दो लुटेरों ने अवैध तमंचों के बल पर एक मिनी बैंक के अधिकारी से उस समय लाखों रुपये की संपत्ति लूट ली, जब वह बाइक पर बैठकर घर जा रहा था। एसपी देहात आदित्य बंसल ने अर्धरात्रि में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पहुंचकर पीड़ित से घटना की पूरी जानकारी ली और बुढ़ाना सीओ को घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की परासौली चौकी क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर का निवासी निखिल राणा पुत्र डाक्टर जयदेव सिंह शामली जिले के गांव डांगरोल में बैंक मित्र केंद्र में बीसी है। बीते 10 जुलाई को दोपहर 1 बजे वो बैंक मित्र केन्द्र से अपने घर लौट रहा था। जब वह ग्राम राजपुर व ग्राम हरियाखेड़ा के बीच आया तो पीछे बाइक सवार एक युवक ने अपनी बाइक ओवरटेक कर उसके आगे लगा दी। वहीं छुपा उसका एक साथी भी आ गया। दोनों ने उससे बैग छीन लिया, जिसमें 2 मोबाईल, लैपटॉप, 2 एटीएम कार्ड, 2 डिवाइस, 90 हजार रुपये व 1 सोने की चेन थी, वो लूट ली और उसकी बाइक से चाभी निकालकर जंगलों के रास्ते फरार हो गये। घटना की सूचना निखिल ने अपने पिता और डायल-112 को किसी से मोबाइल फोन लेकर दी तो मौके पर डायल-112, गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज संदीप कुमार, बुढ़ाना कस्बा चौकी के नये इंचार्ज ललित कसाना, एसएसआई ललित शर्मा, कोतवाल आनंद देव मिश्र, सीओ गजेंद्र पाल सिंह व एसओजी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित से घटना के संबंध में बात कर लुटेरों की तलाश में कॉम्बिंग की तो लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। लूट की घटना के संबंध में बीती देर रात एसपी देहात आदित्य बंसल गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पहुंचे और पीड़ित से घटना की जानकारी ली। उन्होंने लूट की घटना के खुलासे को सीओ को 3 दिन का समय देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शाहपुर नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी

- कांवड़ यात्रा पर होगी विशेष व्यवस्था : अकरम कुरैशी - सांसद हरेंद्र मलिक ने सरकारी संपत्तियों का अधिशासी अधिकारी से ब्यौरा मांगा

शाहपुर, 11 जुलाई (बु.)। नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में कांवड़ यात्रा व मुहर्रम के पर्व की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में शामिल सांसद हरेंद्र मलिक ने ईओ से कहा कि वह नगर पंचायत की संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक कर नगर पंचायत कार्यालय पर उसकी चस्पा करें। नगर पंचायत का कार्यालय पर आयोजित नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में आगामी कांवड़ यात्रा व मुहर्रम के पर्व की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में ईओ दीपक कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर कस्बे में पथ प्रकाश की व्यवस्था कराए जाने के साथ पेयजल व सफाई की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा मोबाइल टॉयलेट के साथ विशेष सफाई व्यवस्था हेतु सफाई कर्मियों की टीमें लगाई जाएंगी, जो कस्बे सहित शिविरों में तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुहर्रम के पर्व पर भी विशेष सफाई व्यवस्था व पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव रखें। बैठक में शामिल पदेन सदस्य सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि वह नगर के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी मिलजुल कर कस्बे में विकास कार्य कराए। उन्होंने ईओ को निर्देशित किया कि कस्बे में जो नगर पंचायत की भूमि है, उसका ब्यौरा सार्वजनिक कर उसकी सूची नगर पंचायत कार्यालय पर चस्पा करें तथा जो भूमि कब्जा मुक्त है, उसे भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराए। इसके अलावा नगर पंचायत की सभी संपत्ति पर नगर पंचायत का सूचना पट लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा व मुहर्रम् पर्व पर विशेष व्यवस्था की जाए। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी व संचालन वरिष्ठ लिपिक सतीश पवांर ने किया। बैठक में नगर पंचायत के स्वच्छ भारत मिशन के एंबेसडर सचिन सिंघल के अलावा सभासद मनोज सैनी, सोनू सैनी, मनोज अरोरा, विशाल गर्ग, मोहसिन रंगरेज, सतीश पाल, इस्लाम मलिक, आसिफ सलमानी, वकीला बेगम, मोनिका, गुलशाना अंसारी व मुस्तरी बेगम, नीतू आदि मौजूद रहे।

बढ़ी बझेड़ी अंडरपास से टेंशन, विकल्प तलाश रही चेयरपर्सन

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने जन समस्याओं के निस्तारण व कांवड़ यात्रा की तैयारियों के लिए प्रस्तावित कार्यों की प्रगति जानने के लिए गुरूवार को टाउनहाल पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लंबित कार्यो से समय रहते पूर्ण कराने के साथ बझेड़ी अंडरपास जलभराव की समस्या व वहां पर कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों के सुलभ आवागमन को लेकर विचार मंथन किया। इसके लिए चेयरपर्सन नया जुगाड़ तलाशने की तैयारी में जुटी हैं, ताकि बारिश के बीच जलभराव की समस्या बनने पर कांवड़ियों के लिए आवागमन का मार्ग खुला रखा जा सके। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी ने गुरूवार को टाउनहाल पहुंचकर कांवड़ यात्रा की तैयारियों की विभागीय समीक्षा की। चेयरपर्सन ने ईओ डा. प्रज्ञा सिंह के साथ पालिका के संबंधित विभागों के अफसरों के साथ कांवड़ यात्रा की व्यवस्था बनाने को प्रस्तावित कार्यों की प्रगति जानने के लिए समीक्षा की। निर्माण विभाग को बेरिकेडिंग और अन्य कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पथ प्रकाश विभाग के अधिकारियों को स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य विभाग को नगर क्षेत्र में साफ-सफाई व जलकल विभाग से पेयजलापूर्ति के लिए लंबित कार्यों की प्रगति के बारे में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि बझेडी अंडरपास की समस्या के लिए अपने स्तर पर बेहतर व्यवस्था किए जाने के प्रयास किए हैं। जल्द कांवड़ कंट्रोल रूम की व्यवस्था को पूरा करा लिया जायेगा। वहीं बझेडी अंडरपास पर बारिश के बीच होने वाले जलभराव के लिए पम्पिंग सेट लगवाये गये हैं, लेकिन इस दौरान कांवड़ियों का आवागमन सुलभ बनाने के लिए अंडरपास में अस्थाई पुल बनाकर जलभराव के बीच ऊपर से पैदल आवागमन कराने के प्रयास प्रशासन व मंत्री के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के बाद पालिका इस समस्या के स्थाई समाधान पर काम करेगी। उधर, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि बझेडी अंडरपास पर अभी से एक पम्पिंग सेट के साथ ऑपरेटर को तैनात कर दिया है। पहले कांवड़ शुरू होने पर वहां पर पम्पिंग सेट लगता था, लेकिन इस बार कई दिनों से यहां पर नियमित रूप से काम शुरू है। वहीं चेयरपर्सन के आदेशों के तहत मदीना चौक से बझेडी अंडरपास तक सड़क पर होने वाले जलभराव के निस्तारण के लिए भी एक अतिरिक्त पम्पिंग सेट लगवाया है। पालिका टीम इसके साथ ही कांवड़ यात्रा मार्ग पर अतिक्रमण को हटाने के लिए भी मैदान में उतरेगी।

कांवड़ मार्ग पर पर्दे में बिकेगी ठेकों पर शराब

- जिला आबकारी अधिकारी ने ठेकेदारों के साथ बैठक कर दिए निर्देश, 17 जुलाई से लागू होगी पर्दे की व्यवस्था

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। कांवड़ मेले के मद्देनजर पुलिस प्रशासन के साथ आबकारी महकमे ने भी अपनी कवायद शुरू कर दी है। गुरूवार को जिला आबकारी अधिकारी ने ठेकेदारों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर 17 जुलाई से ठेकों पर शराब पर्दा लगाकर बिकेगी। नियम का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने शराब की ओवर रेटिंग पर सख्त हिदायत दी। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने गुरूवार को अपने कार्यालय में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के लिए विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कांवड़ मार्ग पर स्थित शराब की दुकानों के ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ मार्ग पर खुलेआम शराब की बिक्री करने पर शासन द्वारा रोक लगाई गई, ताकि शिव भक्त कांवड़ियों को यात्रा में कोई असुविधा न हो सके। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में शुरू हो रही कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में जनपद में भी विभागीय स्तर पर शासन के निर्देशों को लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान आबकारी विभाग के अधीन देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर की फुटकर दुकानों एवं मॉडल शॉप दुकानों को 17 जुलाई से प्रत्येक दशा में तिरपाल और दूसरे पर्दो से ढकवाया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इसमें बिना पर्दे के किसी भी दुकान पर शराब बिक्री

सीए फाइनल में जिले की कई प्रतिभाओं ने किया नाम रोशन

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बृहस्पतिवार को मई 2024 में हुई सीए की फाइनल व इंटरमीडिएट परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए।

आज घोषित नतीजों में मुजफ्फरनगर की कई प्रतिभाओं ने अपना नाम सफलता में दज कर परिवार और जनपद का नाम रोशन किया। आज घोषित परिणामों में नगर की अक्षिता पुत्री संजय भारद्वाज, अनु पत्नी आशीष अग्रवाल, अनुज कुमार मित्तल पुत्र सोम प्रकाश मित्तल, गोविंद संगल पुत्र अम्बरीश संगल, निमिशा संगल पुत्री ईश्वर दयाल, निधि सेठी पुत्री प्रकाश सेठी, पंखुरी अग्रवाल पुत्री अजय अग्रवाल, सत्यम अत्री, सताक्षी अग्रवाल पुत्री सुनील अग्रवाल के नाम शामिल हैं। सफल अभ्यर्थियों को बधाईयों का तांता लगा रहा। आज घोषित फाइनल के नतीजों में दिल्ली के शिवम मिश्रा ने 83.33 फीसदी अंकों के साथ ऑल इंडिया टॉप किया है। दिल्ली की ही वर्षा अरोड़ा ने 80 फीसदी अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। तीसरा स्थान मुम्बई के किरण राजेंद्र सिंह ने प्राप्त किया है। उन्होंने 79.50 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं।

इंटमीडिएट के नतीजों में भिवाड़ी के कुशाग्र राय ने 86.67 फीसदी अंक प्राप्त कर टॉप किया है। इंटरमीडिएट के नतीजों में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से दो टॉपर रहे हैं। अकोला के युग सचिन व भायंदर के यज्ञ ललित को एक समान 86.67 फीसदी अंक मिले हैं। जबकि तीसरे स्थान पर दिल्ली के मनीत सिंह भाटिया व मुम्बई के हिरेष को एक समान 86.50 फीसदी अंक मिले हैं। सीए फाइनल के ग्रुप-1 का पास प्रतिशत 27.35, ग्रुप-2 का पास प्रतिशत 36.35 और बोथ (दोनों) ग्रुप के छात्रों पास प्रतिशत 19.88 फीसदी रहा है। ग्रुप-1 की परीक्षा में 74,887 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 20,479 को पास घोषित किया गया है। जबकि ग्रुप-2 में 58,891 छात्रों ने परीक्षा दी और 21,408 को पास घोषित किया गया है। वहीं, बोथ ग्रुप की परीक्षा के लिए 35,819 छात्र परीक्षा में बैठे जिसमें से 7122 को पास घोषित किया गया है। इंटरमीडिएट के ग्रुप-1 की परीक्षा में 1,17, 764 छात्र बैठे थे जिसमें से 31,978 को सफल घोषित किया गया है।

मीनाक्षी चौक पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

- ईओ की फटकार के बाद चेता पालिका प्रशासन
- एक दर्जन दुकानदारों से वसूले कुल छह हजार जुर्माना
- चेताया: भविष्य में अतिक्रमण मिला तो होगी कड़ी कार्यवाही
- कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर 5 टीमों का गठन

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। उत्तर भारत के सबसे बड़े और लंबे धार्मिक कांवड़ यात्रा मेले की तैयारियों को लेकर नगर पालिका चेयरपर्सन कोई कोर कसर बाकी रखने के मूड़ में नहीं है। आगामी 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होने के बीच पालिका में आधी अधूरी तैयारियों के बीच कांवड़ मार्ग पर अभी तक पेंच वर्क कार्य नहीं होने के साथ अब तक अतिक्रमण भी नहीं हटाया है। कांवड़ मार्ग से अतिक्रमण न हटाने पर ईओ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने 5 टीम प्रभारियों से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। ईओ की फटकार के बाद नींद से जागे पालिका अफसरों ने देर सायं मेरठ रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के साथ अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे कई दुकानदारों पर जुर्माना लगाते हुए भविष्य में व्यवस्था सुधारने में सहयोग की नसीहत दी। नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

कांवड़ यात्रा मेले के नजदीक आने के साथ पालिका प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। गुरूवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगरीय क्षेत्र में अभी तक कार्यो में गति न होने पर ईओ को कड़े कदम उठाने के साथ अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। इस कड़ी में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कांवड़ मार्ग की व्यवस्था दुरूस्त कराने के लिए पांच भागों में विभाजित किया है। वहीं नगर क्षेत्र में पांच टीम प्रभारी की तैनाती की है। इस कड़ी में जहां रेलवे अंडरपास से कच्ची सड़क मदीना चौक से अहिल्याबाई चौक होते हुए शिवचौक तक कांवड़ मार्ग की निगरानी निर्माण विभाग के जेई कपिल कुमार को टीम प्रभारी बनाया है। वहीं शिवचौक से शामली रोड व बुढ़ाना मोड़ होते हुए बुढ़ाना बाईपास तक कांवड़ मार्ग की निगरानी के लिए राजस्व निरीक्षक अमरजीत को जिम्मेदारी सौंपी है। शिवचौक से मीनाक्षी चौक व मेरठ रोड पर सुजडू चुंगी व वहलना चौक तक निगरानी के लिए राजस्व निरीक्षक अमित कुमार व रुड़की चुंगी से सहारनपुर बस स्टैंड होते हुए अहिल्याबाई चौक तक जलकल अभियंता सुनील कुमार को प्रभारी बनाया है। शिवचौक से झांसी रानी होते हुए टाउनहाल तक की निगरानी के लिए टीएस नरेश शिवालिया को प्रभारी बनाया। ईओ ने टीम प्रभारियों से क्षेत्र में कांवड़ मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, लेकिन कहीं कांवड़ मार्ग से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिस पर ईओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांगा, तो आनन-फानन में मेरठ रोड पर अमरजीत के नेतृत्व में पालिका की टीम ने उतरते हुए मीनाक्षी चौक पर एक दर्जन दुकानों पर अभियान चलाते हुए दुकानदारों पर छह हजार रुपए जुर्माना लगाने के साथ भविष्य में अतिक्रमण किए जाने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी। मीनाक्षी चौक पर पालिका टीम की छापेमारी के बीच कुछ दुकानदारों ने स्वयं ही अपना बाहर रखा सामान समेत लिया। मीनाक्षी चौक पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान मुख्य रूप से आकाशदीप, विकास शर्मा, दीपक शर्मा, सतेन्द्र कुमार , वाजिद आदि मौजूद रहे।

खालापार से ही होकर जाएंगे कूड़ा वाहन, नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में बनी सहमति

- 60 प्रतिशत कूड़ा डलावघरों से उठाने की रात्रि में ही व्यवस्था
- स्कूल टाईमिंग में नहीं जाएगें बड़े कूड़ा वाहन

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। नगरीय क्षेत्र की बेपटरी सफाई व्यवस्था को सुधारने की दिशा में पालिका का दिल्ली की कंपनी के साथ हुए अनुबंध पर बने गतिरोध को समाप्त करा दिया गया है। पालिका के 55 वार्डों में घरों और डलावघरों से कूड़ा निस्तारण को लेकर मौ. खालापार में एक व्यक्ति की हादसे में मौत के बाद बनी समस्या को आपसी सहमति से सुलझाने में कामयाबी मिल गई है। ईओ के प्रयासों के बाद सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गुरूवार को खालापार के लोगों, सभासदों और पालिका व कंपनी अधिकारियों के साथ हुई बैठक में खालापार से बड़े कूड़ा वाहनों के आवागमन को सशर्त अनुमति मिल गई है। गुरूवार सवेरे बिना रोक-टोक पालिका कूड़ा वाहन खालापार से आवागमन करते हुए दिखाई दिए। इससे पालिका के साथ प्रशासन को राहत मिली है।

गुरूवार को मौ. खालापार में कूड़ा वाहनों के आवागमन को लेकर जारी गतिरोध के बीच नगर सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने आपसी सहमति बनाने के लिए पालिका प्रशासन और खालापार के लोगों के साथ बैठक आहुत की। बैठक में खालापार के लोगों को समझाया कि किदवईनगर स्थित प्लांट तक कूड़ा ले जाने को बड़े वाहनों के लिए कोई भी वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में रात्रि में कूड़ा उठाने से दिन में गंदगी की समस्या बनी है। इस दौरान मुख्य तौर पर नगरहित को देखते हुए लोगों ने सशर्त सहमति प्रदान की। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि मामले में मुख्यतः 4 बिन्दुओं पर सहमति बनी है। इसमें स्कूल टाइमिंग में सुबह 7 से 9 बजे तक व दोपहर 12 से 2 बजे तक दो-दो घंटे के बीच बड़े वाहन खालापार क्षेत्र से नहीं जायेंगे। वहीं आवागमन मार्ग का नर्माण कराया जायेगा। रात्रि में ज्यादा से ज्यादा कूड़ा उठान करने और बिना नम्बर प्लेट या बिना ढके कोई भी कूड़ा वाहन नहीं जायेगा। ईओ ने बताया कि इन चारों मांगों पर सहमति बन जाने के साथ खालापार थाने से आगे मार्ग का 15वें वित्त के तहत तीन हिस्सों में सड़क का टैण्डर हो चुका है। इस पर करीब 40 लाख रुपये का खर्च आयेगा। इससे आगे की सड़क के निर्माण के प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। पालिका के साथ काम कर रही कंपनी एमआईटूसी के प्रबंधक को भी इससे अवगत करा दिया है। यह व्यवस्था वैकल्पिक मार्ग मिलने तक बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि कंपनी को निर्देशित किया कि वो नगर के डलावघरों से करीब 60 प्रतिशत कूड़ा रात्रि में और 40 प्रतिशत सवेरे उठान करने की व्यवस्था कराये ताकि सवेरे कूड़ा निस्तारण का कम से कम दबाव बने। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन करीब 40 बड़े वाहन कूड़ा निस्तारण में प्लांट तक दो दो चक्कर लगाते हैं। रात्रि में 60 प्रतिशत कूड़ा उठने लगेगा तो दिन में आवागमन का दबाव कम रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के अलावा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, चीफ सेनेट्री ऑफीसर योगेश कुमार, एमआईटूसी के एमडी कमलजीत सिंह, परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह, सेकेंड्री प्वाइंट इंचार्ज कुलदीप सिंह, सभासद नौशाद पहलवान के साथ अन्य गणमान्य मौजूद रहे। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने खालापार के सभासदों व जिम्मेदार लोगों का समस्या समाधान के लिए दिये गये सहयोग पर आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि अन्य विकल्प मिलने के साथ ही खालापार से बड़े कूड़ा वाहनों का प्रवेश बंद करा दिया जायेगा। इसके लिए उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप व ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के प्रयासों को भी सराहा।

अदालत ने विभिन्न अपराधों में तीन आरोपियों को सुनाई कारावास की सजा

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। अदालत ने विभिन्न मामलों में साक्ष्यों के आधार दोषी पाये गये तीन आरोपियों को कारावास और अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है। थाना कोतवाली नगर में साल 2003 में अनवार पुत्र मुस्ताक निवासी सरवट को आयुध अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की सुनवाई एफटीसी कोर्ट नम्बर 02 में हुई। पीठासीन अधिकारी ने अनवार को दोषी मानते हुए जेल में बिताई गयी अवधि के कारावास तथा 3000 रुपए के आर्थिक दण्ड से दण्डित किया है। इसके अलावा थाना मंसूरपुर से साल 2011 में आईपीसी की धारा 279, 337, 338, 427 के आरोप में दर्ज मुकदमे में जेल गये आरोपी सुभाष पुत्र मानसिंह निवासी दिनकरपुर थाना शाहपुर को कोर्ट द्वारा 3500 रुपए के आर्थिक दण्ड से दण्डित किया गया है। खतौली पुलिस से हुई मुठभेड़ और शस्त्र बरामदगी के मामले में सोनू पुत्र राकेश निवासी मोहद्दीनपुर थाना खतौली को एफटीसी-02 कोर्ट द्वारा 03 वर्ष के कारावास तथा 2000 रुपए के जुर्माने से दण्डित किया है।

मल्हूपुरा में पत्नी को लेने आए युवक को किया लहूलुहान

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। मल्हूपुरा में बीवी को लेने आए शौहर को तकरार के बाद मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया। पीड़ित ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर साले के खिलाफ तहरीर दी है। कुछ लोग दोनों पक्षों में सुलह सफाई का प्रयास कर रहे हैं। जानसठ क्षेत्र के चित्तौडा गांव निवासी जावेद का निकाह सिविल लाइन क्षेत्र के मल्हूपुरा इलाके में हुआ था। एक सप्ताह पहले जावेद की बीवी रहने के लिए अपने मायके आ गई थी। गुरूवार को जावेद अपने बीवी को लेने के लिए ससुराल पहुंचा था। बीवी ने अभी साथ जाने से मना किया तो तकरार हो गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद साले और अन्य ससुराल वालों ने जावेद के साथ मारपीट कर दी, जिसमें वो लहूलुहान हो गया। पीड़ित जावेद ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

तहसील में छापेमारी से मचा हड़कंप, दो बाहरी युवक पकड़े

अधिकांश विभागों में बाहरी लोगों की उपस्थिति आम बात

मुजफ्फरनगर, 11 जुलाई (बु.)। सरकारी कार्यालयों में बढ़ रही बाहरी युवकों के दखल के बीच खतौली तहसील में एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार की छापेमारी से हड़कंप मच गया। इस दौरान तहसील में लेखपालों के साथ में काम कर रहे बाहरी युवक भाग खड़े हुए। एडीएम वित्त ने घेरा बंदी कराते हुए दो बाहरी युवकों को काम करते पकड़ लिया। दोनों युवक एक लेखपाल के पास प्राइवेट कर्मचारी के रूप से काम करते हैं, जबकि कई युवक इस बीच तहसील की दीवार फांद कर फरार हो गए। पकड़े दोनों युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जनपद में ऐसा शायद ही कोई सरकारी कार्यालय हो, जहां बाहरी लोगों का महत्वपूर्ण दस्तावेजों में दखल न हो। व्यवस्था में शुरू सुधार की कड़ी में गुरूवार को कमिश्नर सहारनपुर के आदेश पर एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार ने टीम के साथ खतौली तहसील में इस बीच छापेमारी की। दो लेखपालों के पास से दो प्राइवेट कर्मियों को पकड़ लिया। इन दो युवकों के पकड़े जाने की सूचना से पूरी तहसील में काम करने वाले बाहरी युवकों में हड़कंप मच गया। ऐसे में सभी कर्मचारी दीवार फांद कर वहां से फरार हो गए। पकड़े गए दोनों युवकों पर कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। बता दें, खतौली तहसील क्षेत्र में करीब 128 गांव हैं, जिसमें मात्र 18 लेखपाल हैं। ऐसे हालातों में हर लेखपाल के पास 5 से अधिक गांव है। इसके अलावा तहसील में 30 प्राइवेट युवक कर्मचारी के रूप में काम करते है। तहसील का ऐसा कोई अधिकारी या बाबू नहीं, जिसके पास प्राइवेट कर्मी काम न करता हो। हालांकि जिले की अन्य तहसील के हालात भी इससे जुदा नहीं है, जहां हर पटल पर बाहरी व्यक्ति का दखल होना आम बात है। देखना होगा

बन्द मकान में लगी अचानक आग, लोगों में मचा हड़कम्प

खतौली, 11 जुलाई (बु.)। नगर के मौहल्ला मिठ्ठलाल निवासी सरदार तेजेन्द्र सिंह अपना मकान बन्द करके पंजाब प्रान्त में किसी समारोह में शामिल होने गये थे। बताया जाता है कि गुरूवार को तेजेन्द्र सिंह के बन्द मकान में अचानक आग लग गई। सरदार तेजेन्द्र सिंह के मकान से धुआं निकलता देखकर आस-पड़ौस के लोगों में हड़कम्प मच गया। कालोनी के लोगों द्वारा तत्काल घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। वहीं दूसरी ओर कालोनी के लोगों द्वारा पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम द्वारा किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया। बन्द मकान में लगी भीषण आग में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।